Roll No. ........................

(12/24)

# 5656

## B. A. (General) EXAMINATION

(For Batch 2014 & Onwards)

(Fifth Semester)

HINDI

(Elective)

*Time : Three Hours* *Maximum Marks : 80*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6=12

(क) मेरी कविताएँ पढ़ने वालो

मेरे सहयोगी लिखने वालो

आओ !

आवाज़ों के चौतरफा हमलों से

मुझे बचाओ ।

या फिर मेरी आँखों पर पट्टी बांधों

मेरे अधरों पर जड़ दो ताले

कानों के परदे कर दो नष्ट

मेरी भावुकता को कस बेबस कर दो

......वरना फिर

जब मेरे पेन की स्याही में आँसू झलकें

वाणी में लपटें उतरें

कागज पर छन्दों में विद्रोही नक्शे दीखें

तब मुझसे ये मत कहना

– ये क्या कहते हो भाई ?

– ये क्या कहते हो भाई ?

(ख) राष्ट्रगीत में भला कौन वह

भारत-भाग्य-विधाता है

फटा सुथन्ना पहने जिसका

गुन हरचरना गाता है ।



मखमल टमटम बल्लम तुरही

पगड़ी छत्र चँवर के साथ

तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर

जय-जय कौन कराता है ।

(ग) मैं रथ का टूटा पहिया हूँ

लेकिन मुझे फेंको मत

इतिहासों की सामूहिक गति

सहसा झूठी पड़ जाने पर

क्या जाने

सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले ।

(घ) सुनो, तुम्हें ललकार रहा हूँ, सुनो घृणा का गान !

तुम, जो भाई को अछूत कह वस्त्र बचा कर भागे,

तुम, जो बहिनें छोड़ बिलखती, बढ़े जा रहे आगे !

रुक कर उत्तर दो, मेरा है अप्रतिहत आह्वान–
सुनो, तुम्हें ललकार रहा हूँ, सुनो घृणा का
गान !

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** का आलोचनात्मक उत्तर दीजिए– 7

(क) भवानी प्रसाद मिश्र का साहित्यिक परिचय दीजिए ।

(ख) धर्मवीर भारती के काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग **200-200** शब्दों में दीजिए– 2×3=6

(क) 'पराजित पीढ़ी का गीत' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ख) 'वसंत आ गया है' कविता का कथ्य स्पष्ट कीजिए ।



(ग) 'लोकतंत्र का संकट' कविता की भाषा विशिष्टता ।

(घ) 'टूटा पहिया' की दार्शनिकता ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 6+6=12

(क) एक मुश्किल और है । अगर इन्हें भर्ती करवाया, तीमारदारी की, दवा की, खाना पहुँचाया और मान लो, ठीक हो गए तो गाँव-गुजवार में घूम-घूम कहते फिरेंगे, गुण गाएँगे, बड़ाई करेंगे और उसके बाद सारी जिंदगी भुगतो । जिसे भी जुकाम होगा,रोग के नाम पर, शहर घूमने, हवा-पानी बदलने, सर्कस देखने आ जाया करेगा ।

(ख) पेड़ कुछ-कुछ भगवान की तरह होते हैं, अनादि नहीं पर अनंत अवश्य, हर साल एक साल उम्र बढ़ती है पर खत्म नहीं होती । पेड़ मरते नहीं पर मारे जरूर जा सकते हैं । कई बार कातिल

पेड़ काटकर जड़ें वहीं छोड़ जाते हैं तब कभी-कभी बहुत कभी उनमें से दोबारा पत्ती, टहनी फूट पड़ती है । जड़ से उखड़कर तो भगवान भी..........

(ग) तभी पार्टीशन हो गया । दंगे हो गए। दुकान जला दी गई। रिश्तेदार पाकिस्तान भाग गए, दो भाई कत्ल कर दिए गए । पिता ने सदमे से खटिया पकड़ ली और मर गए । नौकर घर की पूँजी लेकर भाग गए । बचे-खुचों को लेकर अपनी जान लिए-लिए कुर्बान भाई नागौर चले गए । वहाँ से मेड़ता, मेड़ता से टौंक। कहाँ जाएँ ? कहाँ सिर छिपाएँ ? क्या पाकिस्तान चले जाएँ ? नहीं गए। क्योंकि जोश नहीं गए, क्योंकि सुरैया नहीं गई, क्योंकि कुर्बान भाई को अच्छे लगने वाले बहुत से लोग नहीं गए । तो कुर्बान भाई क्यों जाते ?... धीरे-धीरे घर की बिकने लायक चीजें सब बिक गई और कहीं कोई काम, नौकरी



नहीं मिली, जो उस दौर में मुसलमानों को मिलना बेहद मुश्किल थी । तिस पर हुनर कोई जानते नहीं थे, तालीम अधूरी थी ।

(घ) वह तिरिछ है, काले नाग से सौ गुना ज्यादा उसमें जहर होता है । उसी ने बताया कि साँप तो तब काटता है, जब उसके ऊपर पैर पड़ जाए या कोई जब जबरदस्ती उसे तंग करे। लेकिन तिरिछ तो नजर मिलते ही दौड़ता है। पीछे पड़ जाता है । उससे बचने के लिए कभी सीधे नहीं भागना चाहिए। टेढ़ा-मेढ़ा, चक्कर काटते हुए, गोल-मोल दौड़ना चाहिए। दरअसल जब आदमी भागता है तो जमीन पर वह सिर्फ अपने पैरों के निशान ही नहीं छोड़ता, बल्कि हर निशान के साथ, वहाँ की धूल में, अपनी गंध भी छोड़ जाता है। तिरिछ इसी गंध के सहारे दौड़ता है ।..........

हमें तिरिछ के बारे में दो बातें और पता थीं । एक तो यह कि जैसे ही वह आदमी को काटता है, वैसे ही वह वहाँ से भागकर किसी जगह पेशाब करता है और उस पेशाब में लोट जाता है । अगर तिरिछ ने ऐसा कर लिया तो आदमी बच नहीं सकता ।

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** का आलोचनात्मक उत्तर दीजिए : 7

(क) 'पार्टीशन' कहानी की मानवीय संवेदना का चित्रण कीजिए ।

(ख) 'इक्कीसवीं सदी का पेड़' कहानी का सन्देश क्या है ?

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग **200** शब्द) दीजिए : 2×3=6

(क) 'पिता' कहानी के आधार पर पिता का चरित्र-चित्रण दीजिए ।



(ख) 'आरोहण 'कहानी की भाषाशैली पर प्रकाश डालिए ।

(ग) 'अपना रास्ता लो बाबा' कहानी में द्वंद्व ।

(घ) ज्ञानरंजन की 'पिता' कहानी का उद्देश्य बताइए ।

7. हिन्दी कहानी के उद्‌भव एवं विकास का विवेचन कीजिए । 10

**अथवा**

हिन्दी आलोचना के उद्‌भव एवं विकास का परिचय दीजिए ।

8. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) जीवनी के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

(ख) हिंदी निबन्ध के विकास पर संक्षेप में लिखिए ।

(ग) यात्रावृत्त साहित्य के बारे में संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

(घ) भारतेंदुकालीन नाटक-परिचय ।

9. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) अज्ञेय के **दो** काव्यसंग्रहों के नाम लिखिए ।

(ख) रामचन्द्र शुक्ल के **दो** निबन्ध संग्रहों के नाम लिखिए ।

(ग) नदी के द्वीप रेत क्यों नहीं बनना चाहते ?

(घ) 'गांधारी' कविता के कवि कौन हैं ?

(ङ) स्वयंप्रकाश के **दो** कहानी संग्रह कौन-कौन से हैं ?

(च) किन्हीं **दो** जीवनीकारों के नाम लिखिए ।

(छ) हिन्दी की प्रथम कहानी कौनसी मानी जाती है ?



(ज) 'उपन्यास सम्राट' किसे कहा जाता है ?

(झ) 'आधुनिक युग' के प्रवर्तक कौन माने जाते हैं ?

(ञ) जीवनी व आत्मकथा में एक अंतर लिखिए ।